1. रामायण के रचनाकार का नाम बताओ? **वाल्मीकि**
2. रामायण का दूसरा नाम बताओ? **दशानन वध**
3. वाल्मीकि ने अपना प्रथम श्लोक किस घटना से व्यथित होकर कहा? **शिकारी द्वारा एक क्रौंच पक्षी की हत्या पर**
4. वाल्मीकि को रामायण लिखने के लिए प्रेरणा किसने दी? **ब्रह्मा ने**
5. रामायण में श्लोकों की कुल संख्या कितनी हैं? **24,000**
6. श्री राम चरित मानस में कितने कांड (अध्याय) हैं? **सात**
7. श्री राम चरित मानस के रचनाकार कौन हैं? **गोस्वामी तुलसी दास**
8. रामायण में कितने सर्ग हैं? **500**
9. अयोध्या नगरी का सर्वप्रथम निर्माण किसने कराया था? **मनु ने**
10. अयोध्या किस जनपद की राजधानी थी? **कौशल**
11. अयोध्या के प्रथम राजा इक्ष्वाकु के पिता का नाम बताइए? **मनु**
12. राजा दशरथ के पिता का नाम बताओ? **अज**
13. दशरथ किस राजवंश के राजा थे? **इक्ष्वाकु**
14. श्री राम के पूर्वज सगर के अश्वमेघ का घोड़ा कहां प्राप्त हुआ? **कपिल मुनि के आश्रम में**
15. घोड़े की खोज में गए सगर के 60,000 पुत्रों का क्या हुआ? **कपिल मुनि के क्रोध से सभी भस्म हो गए**
16. सगर के अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा कौन वापस लाया? **सगर के पौत्र, अंशुमान**
17. सगर के पुत्रों का उद्धार कैसे हुआ? **स्वर्ग से गंगा को लाकर उसके जल से**
18. गंगा किसकी तपस्या से धरती पर आई? **भागीरथ**

19. किस राजा ने सदेह स्वर्ग जाने के लिए वशिष्ठ से यज्ञ कराने का अनुरोध किया? **त्रिशंकु**
20. क्या त्रिशंकु सदेह स्वर्ग जा सके? **नहीं, स्वर्ग और धरती के बीच लटके रहे**
21. पुत्रेष्टि यज्ञ के मंत्र किस वेद से लिए गए हैं? **अथर्ववेद से**
22. राजा दशरथ के कुलगुरु का नाम? **वशिष्ठ**
23. राजा दशरथ के पुरोहित कौन थे? **वामदेव**
24. राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए कौन सा यज्ञ किया था? **पुत्रेष्टि यज्ञ**
25. पुत्रेष्टि यज्ञ से प्राप्त किस पदार्थ को खाकर राजा दशरथ की रानियाँ गर्भवती हुई? **खीर (पायस)**
26. गंगा नदी को पृथ्वी पर लाने वाले राजा भगीरथ के पिता का नाम बताइए? **राजा दिलीप**
27. राजा दशरथ को किसने पुत्र वियोग का श्राप दिया था? **श्रवण कुमार के माता-पिता ने**
28. कैकेयी के पिता का नाम बताओ? **कैकेय देश के राजा अश्वपति**
29. कौशिक ऋषि का रामायण में सामान्य नाम क्या है? **विश्वामित्र**
30. विश्वामित्र का नाम कौशिक क्यों पड़ा? **कुश नाम के ऋषि के पौत्र होने पर**
31. जाह्नवी किस नदी का नाम है? **गंगा**
32. जिस स्थान पर मुनि विश्वामित्र अपना यज्ञ कर रहे थे उसका क्या नाम था? **सिद्धाश्रम, बक्सर (बिहार)**
33. वशिष्ठ के मना करने पर त्रिशंकु ने किस से यज्ञ कराया? **विश्वामित्र**
34. महाराजा जनक द्वारा करवाये गए यज्ञ में विश्वामित्र किन्हें अपने साथ लेकर गये? **श्री राम और लक्ष्मण**
35. किसके परामर्श पर दशरथ ने राम-लक्ष्मण को मुनि को सौंपने को तैयार हुए? **वशिष्ठ**
36. मुनि विश्वामित्र के साथ वन जाने पर श्री राम ने सर्वप्रथम किस का वध किया? **ताड़का राक्षसी**
37. श्री राम-लक्ष्मण ने विश्वामित्र जी के यज्ञ की कितने दिन रक्षा की? **(6) छः दिन**
38. यज्ञ की रक्षा करते समय राम ने किस राक्षस का वध किया? **सुबाहु**
39. श्री राम ने मारीच के साथ क्या किया? **तीर मारकर 100 योजन दूर फेंक दिया**
40. मारीच की माता कौन थी? **ताड़का राक्षसी**
41. राजा जनक के भाई कुशध्वज कहां के राजा थे? **सांकाक्ष्यानगरी**

42. परशुराम के माता–पिता का नाम? **रेणुका –जमदग्नि**

43. महर्षि गौतम की पत्नी का नाम बताइए? **अहिल्या**

44. राजा जनक के पिता का नाम? **ह्रस्वरोमा**

45. राजा जनक के गुरु (पुरोहित) का नाम बताओ? **शतानन्द (सदानन्द)**

46. सीता की जन्मदात्री का नाम बताओ? **पृथ्वी**

47. सीता का शाब्दिक अर्थ क्या है? **हल जोतने से खेत में बनी रेखा**

48. राजा जनक के दरबार में याज्ञवल्क्य के साथ शास्त्रार्थ करने वाली विदुषी का नाम बताओ? **गार्गी**

49. वैदेही (जानकी) किसे कहा जाता है? **सीता**

50. सीता की पालनहार माता का नाम? **सुनयना**

51. राम द्वारा सीता स्वयंवर के समय शिव धनुष तोड़ने पर कौन ऋषि नाराज हुए? **परशुराम**

52. सीता के अतिरिक्त जनक की दूसरी पुत्री का नाम? **उर्मिला**

53. लक्ष्मण की पत्नी का नाम? **उर्मिला**

54. भरत की पत्नी का नाम? **मांडवी**

55. शत्रुघ्न की पत्नी का नाम? **श्रुतकीर्ति**

56. भरत की पत्नी मांडवी एवं शत्रुघ्न की पत्नी श्रुतकीर्ति के पिता का नाम? **जनक के भाई, कुशध्वज**

57. 14 वर्ष के लिए वनवास जाते समय राम की क्या आयु थी? **27 वर्ष**

58. वनवास जाते समय सीता की आयु कितनी थी? **18 वर्ष**

59. श्री राम तथा लक्ष्मण के साथ सीता ने भी वल्कल धारण करने चाहे तो किसने उन्हें रोका और वस्त्र आभूषण सहित वन जाने को कहा? **राजा दशरथ और गुरु वशिष्ठ ने**

60. वनवास जाते समय श्री राम आदि ने प्रथम रात्रि विश्राम कहां किया? **तमसा नदी के तट पर**

61. भरत को अपने ननिहाल से अयोध्या वापस आने में कितने दिन लगे? **8 दिन**

62. मुनिवर भारद्वाज का आश्रम कहां स्थित था? **प्रयाग**

63. मुनिवर भारद्वाज ने वनवास के समय राम को कहां बसने का परामर्श दिया? **चित्रकूट पर्वत**

64. राम के वन गमन के बाद अयोध्या के राज सिहांसन पर कौन आसीन हुआ ? **श्री राम की चरण पादुका**

65. चित्रकूट पर्वत पर भरत आदि से मिलने के बाद उस स्थान को उचित न मानकर राम कहां गए ? **अत्रि मुनि के आश्रम पर**

66. अनुसूइया किस ऋषि की पत्नी थी ? **अत्रि**

67. श्री राम द्वारा वनवास के समय भरत ने अपना निवास कहां बनाया ? **नन्दीग्राम**

68. चित्रकूट के बाद राम किस वन में गए ? **दण्डकारण्य**

69. रामायण के अनुसार कामधेनु गाय के स्वामी कौन थे ? **वशिष्ठ**

70. किस मुनि ने भरत तथा उसकी सारी सेना का राजकीय सत्कार किया, जब वे राम को अयोध्या वापस लाने के लिए वन गए थे ? **भारद्वाज**

71. अपने आश्रम में रक्त की छींटे देखकर मतंग ऋषि ने क्या शाप दिया ? **जिसने ये रक्त की छींटे फैंके है, उसकी आश्रम के निकट आने पर मृत्यु हो जाएगी**

72. सुग्रीव व श्री राम की प्रथम भेंट कहाँ हुई ? **ऋष्यमूक पर्वत**

73. राम ने पहली बार सुग्रीव व बाली की लड़ाई के समय बाली का वध क्यों नहीं किया? **एक ही आकार के होने के कारण राम दोनों में अन्तर नहीं कर पाए**

74. सुग्रीव की पहचान के लिए राम ने क्या किया? **गजपुष्पी माला का हार सुग्रीव को पहना दिया**

75. सुग्रीव की पत्नी का नाम ? **रुमा**

76. बाली की पत्नी का नाम ? **तारा**

77. सुग्रीव के राज्याभिषेक के बाद राम–लक्ष्मण वर्षा ऋतु के चार माह कहां रहे ? **प्रवर्षण पर्वत की कंदराओं में**

78. वर्षा ऋतु के समाप्त हो जाने पर सुग्रीव को सीता की खोज कराने की याद दिलाने गए क्रुद्ध लक्ष्मण को शांत करने के लिए सुग्रीव ने द्वार पर किसे भेजा ? **तारा को**

79. सीता की खोज में पूर्व दिशा में भेजे जाने वाले यूथपति का नाम ? **विनत**

80. सीता की खोज में दक्षिण दिशा में भेजे जाने वाले यूथपति का नाम ? **अंगद**

81. सीता की खोज में पश्चिम दिशा में भेजे गए यूथपति का नाम ? **सुषेण**

82. सीता की खोज में उत्तर दिशा में भेजे गए यूथपति का नाम ? **शतबलि**

83. श्री हनुमान और जाम्बवन्त किस दिशा में गए ? **दक्षिण**

84. सुग्रीव ने सीता की खोज के लिए प्रत्येक दल को कितना समय दिया ? **1 माह**

85. किसने सीता के ठिकाने की बात बताई? **जटायु के भाई सम्पाति ने**

86. हनुमान को समुद्र पार करने के लिए उनके बल का ज्ञान किसने कराया? **जाम्वन्त**

87. लंका पहुंचकर हनुमान जी की सर्वप्रथम भेंट किससे हुई?
**लंकिनी (लंका की देवी)**

88. हनुमान जी के समुद्र लांघने के समय कौन सा पर्वत समुद्र से निकल पड़ा?
**मैनाक पर्वत**

89. हनुमान जी के समुद्र लांघने के समय उनके बल की परीक्षा लेने देवताओं ने किसे भेजा? **सुरसा को**

90. हनुमान जी के समुद्र लांघने के समय किसने उसकी जल में पड़ती छाया को पकड़कर उनकी गति अवरुद्ध कर दी? **सिंहिका राक्षसी**

91. रावण ने सीता को हरण कर लंका में किस स्थान पर रखा? **अशोक वाटिका**

92. सीता जी का हनुमान जी से प्रथम मिलन कहां हुआ? **अशोक वाटिका में**

93. सीता की खोज में गए हनुमान जी ने अशोक वाटिका में, रावण के किस पुत्र का वध किया? **अक्षय कुमार**

94. किस ने अशोक वाटिका में हनुमान जी को बन्दी बना कर रावण के सम्मुख पेश किया? **मेघनाद (इन्द्रजीत)**

95. श्री राम ने हनुमान को सीता से अपनी पहचान के तौर पर कौन सी वस्तु दी। **मुद्रिका**

96. सीता हनुमान को श्रीराम से अपनी पहचान के तौर पर कौन सी वस्तु दी।
**चूड़ामनी**

97. लंका से वापस आते समय हनुमान ने किस पर्वत पर चढ़कर छलांग लगाई?
**अरिष्ट पर्वत**

98. हनुमान जी द्वारा सीता की खोज के बाद वापस किष्किन्धा लौटते समय वानरों ने अपने ही किस उपवन को तहस-नहस किया? **मधुवन**

99. सुग्रीव के मधुवन की रक्षा कौन करता था? **सुग्रीव का मामा दधिमुख**

100. लक्ष्मण को किष्किंधा से सेना के प्रस्थान के समय कौन अपने कंधो पर उठाकर ले गया था?
**अंगद**

101. किष्किंधा से सेना के प्रस्थान के समय श्री राम किस पर सवार थे? **हनुमान पर**

102. समुद्र पर 100 योजन लम्बा पुल बनाने में किसकी सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका रही? **वानर नल की**

103. इस पुल को क्या नाम दिया गया? **नल सेतु**

104. यह सेतु कितने दिनों में तैयार हुआ? **5 दिनों में**

105. श्री राम की सेना ने पुल पार कर जहां डेरा डाला, वहां कौन सा पर्वत था? **सुवेल पर्वत**

106. रावण की लंका किस पर्वत पर स्थित थी? **त्रिकूट पर्वत**

107. लंकापुरी के कितने मुख्य द्वार थे? **चार**

108. रावण के उस नाना का नाम बताओ जिसने रावण को राम से सन्धि करने की सलाह दी? **माल्यवान**

109. श्री राम मेघनाद के बीच युद्ध में प्रथम दिन की बाजी किसके हाथ रही? **मेघनाद के (मेघनाद ने श्री राम-लक्ष्मण को नाग पाश में बांध दिया)**

110. लवणासुर का वध किसने किया? **शत्रुघ्न ने**

111. नाग पाश में बंधे राम-लक्ष्मण को युद्ध भूमि में पड़े हुए, सीता को दिखाने के लिए कौन युद्ध भूमि में लाया? **राक्षसी पुष्पक विमान में लेकर आई**

112. किस राक्षसी ने सीता को राम-लक्ष्मण के जीवित होने का विश्वास दिलाया? **त्रिजटा ने**

113. राम-लक्ष्मण को नाग पाश से किसने मुक्त कराया? **गरूड़ ने**

114. इन्द्र जीत का वध किसके हाथों हुआ? **लक्ष्मण**

115. कुम्भकर्ण को किसने मारा? **श्री राम ने**

116. राम-रावण युद्ध के समय राम को पैदल युद्ध करते देख किसने उसे अपना रथ भेजा? **इन्द्र ने**

117. इन्द्र द्वारा भेजे गए इस रथ का सारथी कौन था? **मातलि**

118. लंका की वह महान पतिव्रता नारी कौन थी, जिसे सती कहा गया? **सुलोचना**

119. भगवान राम ने ब्रह्म हत्या का प्रायश्चित किस स्थान पर किया? **रामेश्वरम्**

120. वनवास से लौटकर भगवान राम ने प्रथम प्रणाम किसे किया? **कैकेयी को**

121. लव-कुश का जन्म किस ऋषि के आश्रम में हुआ? **वाल्मीकि**

122. श्री राम के राज्याभिषेक के समय उन्होंने किसे युवराज पद देना चाहा? **लक्ष्मण को**

123. लक्ष्मण द्वारा अस्वीकार करने पर युवराज पद किसे मिला? **भरत को**

124. राम ने शत्रुघ्न को कहां का राजा बनाया? **मधुपुरी ( मथुरा ) का**

125. कुश को कहां का राज्य दिया? **दक्षिण कौशल**

126. लव को कहां का राज्य दिया? **उत्तर कौशल**

127. श्री राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न में से कौन सर्वप्रथम स्वर्गवासी हुए? **लक्ष्मण**

128. सीता जी का देहावसान कैसे हुआ? **पृथ्वी के फटने पर उसमें समा गई**

129. श्री राम, अन्य भाई तथा पुर वासी किस प्रकार स्वर्गवासी हुए?
**सभी ने सरयू में जल समाधि ली**

130. भरत के बाण से हनुमान के घायल होने का प्रसंग रामचरित मानस के किस काण्ड में है? **लंका काण्ड में**

131. राम राज्याभिषेक का प्रसंग रामचरितमानस के किस काण्ड में है? **उत्तर कांड में**

132. श्री राम चरित मानस में सुन्दर काण्ड किस के कार्य पर आधारित है? **हनुमान**

133. राजा दशरथ के चार पुत्रों में से कौन दो सगे (सहोदर) भाई थे?
**लक्ष्मण व शत्रुघ्न**

134. किसके कहने पर कैकेयी ने राम को वनवास दिलाया था? **मंथरा दासी**

135. सौमित्र के नाम से किसे जाना जाता है? **लक्ष्मण**

136. रावण के माता–पिता का नाम? **कैकसी–विश्वश्रवा**

137. सीता हरण प्रसंग श्री राम चरित मानस में किस काण्ड में आता है? **अरण्यकांड में**

138. वानरराज बाली कहां के शासक थे? **किष्किन्धा**

139. सीता हरण के समय रावण के साथ किस पक्षीराज की लड़ाई हुई? **जटायु ( गीध )**

140. राजा दशरथ की किस रानी के दो पुत्र थे? **सुमित्रा**

141. लक्ष्मण को राम के साथ वन–गमन के लिए किसने प्रेरित किया?
**उनकी माता सुमित्रा ने**

142. श्री राम और लक्ष्मण ने दण्डक वन में रावण के किन दो शक्तिशाली अनुचरों का वध कर दिया था? **खर तथा दूषण**

143. मुनिवर भारद्वाज का आश्रम कहां स्थित था? **प्रयाग**

144. मुनिवर भारद्वाज ने वनवास के समय राम को कहां बसने का परामर्श दिया?
**चित्रकूट पर्वत**

145. राम के वन गमन के बाद अयोध्या के राज सिहांसन पर कौन आसीन हुआ?
**श्री राम की चरण पादुका**

146. चित्रकूट पर्वत पर भरत आदि से मिलने के बाद उस स्थान को उचित न मानकर राम कहां गए? **अत्रि मुनि के आश्रम पर**

147. विश्वामित्र किन राक्षसों से अपने यज्ञ की रक्षा हेतु राम–लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने को आए थे? **मारीच व सुबाहू**

148. अपने साथ ले जाते हुए विश्वामित्र ने श्री राम को कौन सी दो दुर्लभ विद्याओं की दीक्षा दी? **बला व अतिबला**

149. भरत के मामा का नाम? **युधाजित**

150. निषादराज गुह कहां के राजा थे? **श्रृंगवेरपुर**

151. भरत, वशिष्ठ आदि के अनुरोध करने के बाद भी, श्री राम ने क्या कह कर अयोध्या वापस लौटकर राज्य करने से इंकार किया? **उन्होंने कहा कि वे अपने सत्यनिष्ठ पिता दशरथ के वचन नहीं तोड़ सकते**

152. दण्डकारण्य वन में प्रवेश कर राम–लक्ष्मण ने सर्वप्रथम किस राक्षस का वध किया? **विराध का**

153. श्री राम–लक्ष्मण की शूर्पणखा से भेंट कहां हुई? **पंचवटी में**

154. पंचवटी जन स्थान की सुरक्षा कौन करता था? **खर नामक राक्षस**

155. श्री राम ने खर–दूषण सहित कितने राक्षसों का अकेले ही पंचवटी में वध किया? **14 हजार राक्षसों का**

156. रावण को सीता हरण की सलाह किसने दी? **अकंपन नामक राक्षस ने**

157. सीता हरण के लिए रावण ने किस की सहायता ली? **मारीच की**

158. रावण ने पुष्पक विमान किससे छीना था? **अपने भाई कुबेर से**

159. अपने हरण के समय सीता ने एक पोटली में कुछ आभूषण बांध कर ऋष्यमूक पर्वत पर फेंके, वहां कितने वानर बैठे थे? **पांच**

160. रावण ने सीता को लंका ले जाकर अपने साथ विवाह का प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कितना समय दिया? **1 वर्ष**

161. राम ने जटायु का दाह संस्कार किस नदी के किनारे किया? **गोदावरी**

162. राम को सुग्रीव के साथ मित्रता करने का सुझाव किसने दिया? **कबन्ध राक्षस ने**

163. श्री राम और शबरी का मिलाप कहां हुआ? **पम्पा सरोवर के निकट**

164. पम्पा सरोवर कहां स्थित था? **ऋष्यमूक पर्वत के निकट**

165. सुग्रीव और बाली के पिता का नाम? **ऋक्षरजा**

166. बाली ने किन दो असुरों का वध किया? **मयासुर तथा दुंदुभी**

167. दुंदुभी को मारते समय उसके रक्त के छींटे किस ऋषि के आश्रम में पड़ गए? **मतंग ऋषि**

168. बाली की पत्नी तारा के पिता का नाम? **सुषेण**

169. हनुमान जी ने समुद्र लांघने के लिए किस पर्वत पर चढ़कर छलांग लगाई? **महेन्द्र पर्वत**

170. पुष्पक विमान किसने बनाया था? **विश्वकर्मा ने**

171. विभीषण की ज्येष्ठ पुत्री का नाम? **कला**

172. विभीषण की पत्नी का नाम? **सरमा**

173. रावण की पट रानी का नाम? **मन्दोदरी**

174. कुम्भकर्ण की पत्नी का नाम? **बज्रज्वाला**

175. रावण द्वारा विभीषण को निष्कास्ति कर देने पर किसने विभीषण की तरफदारी करते हुए अपनी तरफ मिलाने की राय श्री राम को दी? **हनुमान ने**

176. रावण ने बाली के साथ अपनी दोस्ती का हवाला देते हुए, सुग्रीव को युद्ध से विमुख होने की सलाह देने के लिए किसको दूतरूप में भेजा? **शुक असुर को**

177. जाम्बवन्त के भाई का क्या नाम था? **रीछ राज धूम**

178. किस राक्षस ने माया रचित श्रीराम का कटा सिर सीता को दिखाया? **विद्युजिह्व**

179. किस राक्षसी ने सीता को श्री राम के कटे सिर को माया द्वारा रचित होने की जानकारी दी? **सरमा ने**

180. कुबेर के पुत्र का नाम? **नल कूबर**

181. इन्द्र के पुत्र का नाम? **जयन्त**

## India : The World Teacher

India was China's teacher in religion and imaginative literature, and the world's teacher in trigonometry, quadratic equations, grammer, phonetics, Arabian Nights, animal fables, chess as well as in philosophy, and that she inspired Baccaccio, Goethe, Schopenhauer and Emerson.

*-LinYutang (Wisdom of India)*